**SAINIK SCHOOL BIJAPUR** **SET-2**

*Periodic Test - 3 For Class VIII ABC For the AY 2021-22 Subject Hindi*

*Duration : 0900 Hrs to 1030 Hrs* *Max Marks 50*

*Date: 22-01-2022*

*सूचना :- इस प्रश्न-पत्र में कुल 49 प्रश्न हैं ।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रश्न संख्या 1 से 48 तक हर प्रश्न केलिए 1 अंक है ।*

*प्रश्न संख्या 49 के लिए 2 अंक हैं ।*

*प्रश्न संख्या 1 से 10 तक ( बोध-प्रश्न, लघु-प्रश्न और रचनात्मक-प्रश्न ) का उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए ।*

*प्रश्न संख्या 49 ( निबंध-प्रश्न ) का उत्तर चार वाक्यों में दीजिए ।*

*Mobile No: 9449169096 Mail Address: balakrishnaghali2006@gmail.com*

1. सूरदास का जन्म कहाँ माना जाता है ?

2. भक्तिकाल के प्रसिद्ध कवि का नाम क्या है ?

3. सूरदास किस काल के प्रसिद्ध कवि हैं ?

4. साहित्यलहरी किन की प्रसिद्ध रचना है ?

5. व्रज भाषा का प्रयोग किस कवि ने किया ?

6. वात्सल्य रस का वर्णन किस कवि ने किया ?

7. पानी का दूसरा नाम क्या है ?

8. हद्रजन और ओषजन मिलने से क्या बनता है ?

9. नमकीन पानी का श्रोत क्या है ? अर्थात नमकीन पानी कहाँ मिलता है ?

10. दुनिया में ज्वालामुखी कहाँ देखा जा सकता है ?

*लाला झाऊलाल मुश्किल से दो-एक बूंट पी पाए होंगे कि न जाने कैसे उनका हाथ हिल उठा और लोटा छूट गया। लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी ज़माने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज़ ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।*

11. लाला झाऊलाल लोटे में क्या पी रहे थे?

(a) जूस (b) पानी (c) दूध (d) चाय

12. लोटा कहाँ से गिर रहा था?

(a) बिलवासी मिश्र के हाथ से (b) झाऊलाल की पत्नी के हाथ से

(c) झाऊलाल के हाथ से (d) झाऊलाल के घर से

13. 'पृथ्वी के आकर्षण शक्ति' को न्यूटन ने क्या नाम दिया?

(a) शक्तिमान (b) गुरुत्वाकर्षण (c) गुरुत्वाघर्षण

(d) उपर्युक्त सभी

*कुछ हुआ भी ऐसा ही। गली में ज़ोर का हल्ला उठा। लाला झाऊलाल जब तक दौड़कर नीचे उतरे तब तक एक भारी भीड़ उनके*
*आँगन में घुस आई।*
*लाला झाऊलाल ने देखा कि इस भीड़ में प्रधान पात्र एक अंग्रेज़ है जो नखशिख से भीगा हुआ है और जो*

*अपने एक पैर को हाथ से सहलाता हुआ दूसरे पैर पर नाच रहा है। उसी के पास अपराधी लोटे को भी देखकर लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।*

14. गली में जोर का हल्ला क्यों हो रहा था?

(a) मारपीट होने से (b) चोर पकड़ने जाने के कारण (c) गली में लोटे गिरने के कारण (d) अंग्रेज़ को देखने के लिए

15. भीड़ का प्रधान पात्र कौन था?

(a) सरपंच (b) अंग्रेज़ (c) लाला झाऊलाल (d) पं० बिलवासी मिश्र

16. लोटा किसके पास था?

(a) पं बिलवासी मिश्र (b) अंग्रेज के पास (c) लाला झाऊलाल के पास (d) लाला झाऊलाल की पत्नी के पास

17. लाला झाऊलाल ने किस स्थिति को समझ लिया?

(a) अंग्रेज़ के गुस्से का (b) अंग्रेज़ के पैर में चोट लगने का (c) लोटा अंग्रेज़ के सिर और पैर पर गिरने का (d) अंग्रेज़ नाच रहा है।

*"जी, जनाब! सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्रह्मान ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था। सन् 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के म्यूजियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है। पता नहीं यह लोटा इस आदमी मे पास कैसे आया? म्यूजियम वालों को पता चले तो फैंसी दाम देकर खरीद ले जाएँ।*

18. इस लोटे ने किसको पानी पिलाया था?

(a) हुमायूँ को (b) शाहजहाँ को (c) अकबर को (d) औरंगजेब को

19. इस लोटा का नाम पड़ा था?

(a) अकबरी लोटा (b) बाबरी लोटा (c) मुगल लोटा (d) बादशाही लोटा

20. हुमायूँ की जान कैसे बची?

(a) अच्छे भोजन खाने से (b) इलाज कराने से (c) ब्राह्मण द्वारा पानी पिलाने से

(d) ब्राह्मण का खाना खाने से

21. अकबर को वह लोटा किससे मिला?

(a) पं० बिलवासी मिश्र के पास (b) अंग्रेज़ के पास (c) हुमायूँ से

(d) ब्राह्मण के पास से

22. किस सम्राट के नाम से इस लोटे का नामकरण हुआ?

(a) हुमायूँ (b) जहाँगीर (c) अकबर (d) शेरशाह

*बिलवासी जी अफ़सोस के साथ अपने रुपये उठाने लगे, मानो अपनी आशाओं की लाश उठा रहे हों। साहब की ओर देखकर उन्होंने कहा-"लोटा आपका हुआ, ले जाइए, मेरे पास ढाई सौ से अधिक नहीं है।"*
*यह सुनना था कि साहब के चेहरे पर प्रसन्नता की कूँची गिर गई। उसने झपटकर लोटा लिया और बोला- "अब मैं हँसता हुआ अपने देश लौटूंगा। मेजर डगलस की डींग सुनते-सुनते कान पक गए थे।*

23. बिलवासी जी के पास कुल कितने रुपये थे?

(a) तीन सौ रुपये (b) पाँच सौ रुपये (c) चार सौ रुपये

(d) ढाई सौ रुपये

24. बिलवासी की बातें सुनकर अंग्रेज़ के चेहरे पर कौन-सा भाव आ गया?

(a) खुशी का (b) दुख का (b) दया का (d) सहानुभूति का

25. लोहे के माध्यम से अंग्रेज़ किसे नीचा दिखाने का प्रयास कर रहा था?

(a) पं० बिलवासी मिश्र को (b) झाऊलाल को (c) भीड़ को
(d) मेजर डगलस को

26 लाला झाऊलाल को दुकानों के किराये के रूप में कितने रुपये मिलते थे ?
(a) 200 रुपये मासिक (b) 100 रुपये मासिक (c) 50 रुपये मासिक
(d) 250 रुपये मासिक

27. लाला जी ने अपनी विपदा किसे सुनाई ?
(a) पत्नी को (b) अंग्रेज को (c) पं बिलवासी मिश्र को (d) किसी को भी नहीं

28. अंग्रेज को लोटे की चोट कहाँ लगी थी ?
(a) माथे पर (b) पैर पर (c) सिर पर (d) हाथ पर

29. हुमायूँ शेरशाह से हारकर किस रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था ?
(a) सहारा (b) थार (c) गोबी (d) सिंध

30. झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच हुई इस बातचीत से पता चलता है ?
(a) लाला झाऊलाल बहुत अमीर आदमी न थे
(b) पत्नी को उन पर विश्वास नहीं था
(c) पत्नी लाला जी की तुलना में ज्यादा तेज-तर्रार थी
(d) सभी कथन सत्य हैं

31. लाला झाऊलाल ने पत्नी को कितने समय में रुपये देने का वायदा किया था ?
(a) एक सप्ताह (b) एक माह (c) एक वर्ष (d) दो सप्ताह

32. अकबरी लोटे की गढ़न कैसी थी ?

(a) सामान्य (b) सुन्दर (c) बेढंगी (d) प्रभावित करने वाली

33. अकबर ने ब्राह्मण को सोने के कितने लोटे दिये थे ?

(a) पाँच (b) चार (c) दस (d) एक भी नहीं

34. लोटे का प्लास्टर का मॉडल कहाँ रखा हुआ है ?

(a) मुम्बई (b) कलकत्ता (c) चेन्नई (d) दिल्ली

35. अंग्रेज ने लोटा कितने रुपये में खरीदा था ?

(a) 500 रुपये (b) 400 रुपये (c) 250 रुपये (d) 100 रुपये

*लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी जमाने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।*

36. लोटा किधर चल पड़ा और कैसे ?

(a) जहाँ मन हुआ उधर (b) आसमान की ओर (c) गली में टहलने

(d) लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की तरफ चल पड़ा

37. लोटा किस वेग से आँखों से ओझल हो गया ?

(a) तीव्र गति से

(b) लोटा उल्का के वेग को भी लजाता हुआ आँखों से ओझल हो गया

(c) हवाई जहाज की गति से (d) मन्द गति से

38. किस खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति को ईजाद किया था ?
(a) न्यूटन नाम के खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण-शक्ति को ईजाद किया था
(b) सुकरात (c) प्लेटो (d) गैलीलियो

39. 'आँखों से ओझल होना' मुहावरे का अर्थ है–
(a) दिखाई न देना (b) गायब हो जाना (c) छुप जाना
(d) प्रकट होना

*जी, जनाव। सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वज़ू करता था। सन् 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के म्यूजियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है।*

40. हुमायूँ को किसने पानी पिलाया था ?
(a) शेरशाह सूरी ने (b) एक ब्राह्मण ने हुमायूँ को पानी पिलाया था
(c) एक सिपाही ने (d) सेनापति ने

41. लोटे का नाम अकबरी लोटा क्यों पड़ा ?
(a) यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था, इसलिए इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा
(b) यह लोटा सम्राट अकबर ने खरीदा था इसलिए
(c) बहुमूल्य होने के कारण (d) अकबर के पास होने के कारण

42. अकबर इस लोटे को किस रूप में इस्तेमाल करता था ?
(a) पानी पीने के लिए (b) पौधे सींचने के लिए
(c) लोगों पर रौब दिखाने के लिए (d) अकबर हमेशा इसी लोटे से वज़ू करता थ

43. कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का कौन-सा मॉडल रखा हुआ है ?
(a) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का पीतल का मॉडल रखा हुआ है।
(b) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है
(c) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का ताँवे का मॉडल रखा हुआ है
(d) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का मिट्टी का मॉडल रखा हुआ है

*उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई। वे चादर लपेटे चारपाई पर पड़े रहे। एक बजे वे उठे। धीरे, बहुत धीरे से अपनी सोई हुई पत्नी के गले से उन्होंने सोने की वह सिकड़ी निकाली जिसमें एक ताली बँधी हुई थी। फिर उसके कमरे में जाकर उन्होंने उस ताली से संदूक खोला। उसमें ढाई सौ के नोट ज्यों-के-त्यों रखकर उन्होंने उसे बंद कर दिया। फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत् अपनी पत्नी के गले में डाल दिया। इसके बाद उन्होंने हँसकर अंगड़ाई ली। दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक चैन की नींद सोए।*

44. एक बजे बिलवासी जी ने उठकर क्या किया ?
(a) भोजन किया (b) पत्नी के बटुए से पैसे निकाले
(c) सोई हुई पत्नी के गले से सोने की वह जंजीर निकाली जिसमें एक ताली बँधी थी
(d) पत्नी के गले से हार निकाल लिया

45. बिलवासी जी ने सन्दूक में क्या रखा ?
(a) बिलवासी जी ने सन्दूक में ढाई सौ रुपये रखे

(b) सोने का हार रखा (c) सोने के सिक्के रखे (d) जरूरी चिट्ठियाँ रखीं

46. बिलवासी जी ने हँसकर अंगड़ाई क्यों ली ? अपने अनुमान से बताइए ?
(a) पत्नी के रुपये वापस कर दिए (b) झाऊलाल को चकमा दे दिया
(c) बिलवासी जी को नींद आ रही थी
(d) बिना कुछ खर्च किये झाऊलाल की मदद कर दी और रुपये भी पत्नी की संदूक में रख दिये

47. बिलवासी जी चैन की नींद क्यों सोते रहे ?
(a) वे थके हुए थे
(b) बिलवासी जी अपने काम में बिना किसी बाधा के सफल हो गए थे
(c) पत्नी की डाँट खाने से बच गए (d) वे कई दिन से सोए न थे

48. 'दबे पाँव लौटना' मुहावरे का अर्थ है
(a) हारकर लौटना (b) चुपचाप लौटना (c) निराश होकर लौटना
(d) चोर की तरह लौटना

49. निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

गोपियों ने यशोदा से क्या शिकायत की थीं ?

अथवा

अकबरी लोटे के बारे में चार वाक्य लिखिए ।

शुभ कामनाएँ